**Publication:-** Sanmarg

**Date: -** 16th December 2017

**Page No: -** 15

**Opening Ceremony of 16th The India International Mega Trade Fair (IIMTF) at Science City ground organized by The Bengal Chamber & G S Marketing**

# तीन साल में दोगुना करेंगे ट्रेड फेयर

## वित्त मंत्री ने किया बीसीसीएंडआई व जीएस मार्केटिंग के ट्रेड फेयर का उद्घाटन



**सन्मार्ग संवाददाता, कोलकाता:** पश्चिम बंगाल के वित्त मंत्री अमित मित्रा ने बंगाल चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री (बीसीसीएंडआई) व जीएस मार्केटिंग द्वारा आयोजित 16वें इंडिया इंटरनेशनल मेगा ट्रेड फेयर (आईआईएमटीएफ) का उद्घाटन किया। उन्होंने कहा कि हमारा लक्ष्य इस ट्रेड फेयर को अगले दो से तीन सालों में 4 लाख वर्ग फुट से बढ़ाकर 8 लाख वर्ग फुट में आयोजित करना है। इस वर्ष इसमें 1150 स्टॉल हैं जो गत वर्ष 900 थे। इसको दो से तीन वर्षों में 2000 करना है। इसमें 21 राज्य और 16 देश भाग ले रहे हैं। इस बार चीन और नीदरलैंड पहली बार भाग ले रहे हैं। भागीदार देशों की संख्या बढ़ाकर 26 करना लक्ष्य है। उन्होंने वियतनाम व लाओस को भी जोड़ने की बात कही।

बीसीसीएंडआई के प्रेसिडेंट इंद्रजीत सेन ने कहा कि यह ट्रेड फेयर हर वर्ष दायरा बढ़ाता जा रहा है और बाहरी देशों से अच्छी प्रतिक्रिया मिल रही है। ट्रेड प्रोमोशन एंड बिजनेस डेवलेपमेंट कमेटी एक्जीबिशन एंड ट्रेड फेयर कमेटी के अध्यक्ष प्रकाश साह ने कहा कि इस ट्रेड फेयर के माध्यम से अर्थव्यवस्था में सहयोग और व्यापार में वृद्धि के लिए सहयोग करना है। यह ट्रेड फेयर 15-25 दिसंबर तक साइंस सिटी ग्राउंड में चलेगा।

### जीएसटी से 36 हजार करोड़ घट गया राजस्व

मित्रा ने कहा कि जीएसटी से अनुमानित संग्रह 14 प्रतिशत वृद्धि के साथ 1,72,000 करोड़ रुपये था जबकि वास्तविक आकलन 1,36,000 करोड़ रुपये है। इस तरह नवंबर तक पहले चार महीनों में राजस्व 36,000 करोड़ घट गया है। उन्होंने कहा कि जीएसटीएन पर छोटे उद्योग पंजीकरण ही नहीं कर पाए, जिस कारण यह घाटा हुआ। जीएसटी के बाद राज्यों को दी जाने वाली मुआवजा राशि 55,000 करोड़ रुपये अपर्याप्त है।

इस अवसर पर बांग्लादेश की ओर से सैफुल इस्लाम, नेपाल के डिप्टी काउंसुल जनरल नारायण शर्मा, इंडिया एक्सपो मार्ट के चेयरमैन राकेश कुमार, म्यांमार से ओ हान तथा एलआईसी से एसएन भट्टाचार्य भी मौजूद रहे।

**केंद्र ने एसपीवी के लिए सभी मंजूरी दे दी:** मित्रा ने बताया कि राज्य सरकार के शालीमार वर्क्स ने एक बांग्लादेशी जहाज बिल्डिंग फर्म के साथ एक विशेष प्रयोजन वाहन (एसपीवी) हेतु हाथ मिलताया था। केंद्र ने एसपीवी के लिए सभी मंजूरी दे दी है।